एक बार माँ आ जाओ,
फिर आ के चली जाना,
हमें दर्श दिखा जाओ,
दिखला के चली जाना,
एक बार माँ आ जाओं,
फिर आ के चली जाना।।

तुमको मेरे गीतों का,
संगीत बुलाए माँ,
संगीत बुलाए माँ,
कुछ मेरी सुन जाओ,
कुछ अपनी सुना जाना,
एक बार माँ आ जाओं,
फिर आ के चली जाना।।

क्या मेरे तड़पने का,
अहसास नहीं तुमको,
अहसास नहीं तुमको,
किस बात पे रूठी हो,
इतना तो बता जाना,
एक बार माँ आ जाओं,
फिर आ के चली जाना।।

अंखिया मेरी रोती माँ,

इन्हे धीर बंधा जाओ,
इन्हे धीर बंधा जाओ,
मजधार में है नैया,
इसे पार लगा जाना,
एक बार माँ आ जाओं,
फिर आ के चली जाना।।

जब जब भी बुलाओ माँ,
दौड़ा चला आऊँ मैं,
दौड़ा चला आऊँ मैं,
गर राह भटक जाऊं,
रस्ता तो दिखा जाना,
एक बार माँ आ जाओं,
फिर आ के चली जाना।।

एक बार माँ आ जाओ,
फिर आ के चली जाना,
हमें दर्श दिखा जाओ,
दिखला के चली जाना,
एक बार माँ आ जाओं,
फिर आ के चली जाना।।

स्वर सौरभ मधुकर।

Source: https://www.bharattemples.com/ek-baar-maa-aa-jao-in-hindi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw